**खबर संक्षेप**

## पत्रकारों पर उंगलियां उठाने वालों पर हो कार्यवाही: चौरे

**सौंसर।** मंगलवार को विधायक विजय चौरे द्वारा सौसर क्षेत्र के पत्रकारों पर भाजपा नेताओ द्वारा किए गए अशोभनीय शब्दों के प्रयोग एवं पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक जिला पांढुरना को पत्र लिखा हैं। पत्र में विधायक श्री चौरे ने कहा कि हमारा सौसर क्षेत्र शांतिप्रिय क्षेत्र कहलाता था परंतु विगत कुछ 15 वर्षों में भू-माफिया,रेत माफिया एवं शराब माफियाओं और सत्ताधीश नेताओ के संरक्षण से क्षेत्र का माहौल पूर्णतः बिगड़ चुका है। इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान पत्रकारों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रतापूर्वक पत्रकारिता हेतु बढ़ती हुई चुनौतियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। भारत में पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता हैं और आए दिन सौसर क्षेत्र के पत्रकारों पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों एवं नेताओ द्वारा अभद्र,अशोभनिय भाषा के प्रयोग तथा झूठे आरोप लगाएं जा रहे है जो कि अत्यंत निंदनीय एवं गंभीर चिंता का विषय है।भाजपा नेताओ के इस प्रकार की अशोभनिय टिप्पणीयो के कारणवंश 15 सितंबर को सौसर क्षेत्र के पत्रकारों को संघठित होकर थाना सौसर का घेराव करना पड़ा। जब सहन करने की सीमा समाप्त हो जाती है तब ऐसे ही कदम उठाए जाते है। पत्रकारों के समक्ष थाना घेराव करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प भी नही था। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथियों द्वारा सौसर क्षेत्र की विभिन्न घटनाओं जैसे अन्याय, अत्याचार, अपराध और अन्य सामाजिक बुराइयों को स्वतंत्रतापूर्वक उजागर करने का कार्य किया जाता है।ऐसी टिप्पणियों से सौसर क्षेत्र के समस्त पत्रकार साथियों की भावनाएं आहत हुई है तथा सभी प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार साथियों में कड़ा रोष व्याप्त है। ऐसी अनैतिकतापूर्ण गतिविधियों के चलते पत्रकार स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता नही कर पा रहे है, विधायक श्री चौरे द्वारा पुलिस अधीक्षक को इस मामले को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेकर सौसर क्षेत्र के समस्त पत्रकारों के विरुद्ध अशोभनीय शब्दों के प्रयोग करने वाले सभी दोषियों पर तत्काल कड़ी से कड़ी निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

### हरिभूमि की खबर को राजस्व और खनिज विभाग हमेशा से करता है झुठलाने की कोशिश

# एनजीटी की रोक के अंतिम दिनों खनिज निरीक्षक ने दो ट्रक रेत के पकड़ उपस्थिति कराई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

**तामिया में रेत का अवैध उत्खनन खनिज एवं राजस्व विभाग के संरक्षण में एनजीटी की रोक के भी चरम सीमा पर है। परंतु हरिभूमि शासन को आईना दिखाने की भूमिका हमेशा की तरह ही ईमानदारी से करता रहेगा। प्रशासन को रेत चोरी की खबरें पढ़ाकर कुंभकर्णीय नींद में सोया प्रशासन को जगाने के लिए ये नगाड़ा रोज बजाया जाएगा। ताकि आम जनता भी यह जान सके कि सरकारी गद्दी पर बैठकर शासन से कैसे गद्दारी की जाती है।**



दरअसल रेत चोरी का यह खेल कमीशन की दम पर चलता है और चोरी का मूल कारण इनका संरक्षण होना बतलाया जाता है, लेकिन 15 जून से 15 सितंबर तक जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया काल के समय देश भर में एनजीटी द्वारा नदी नालों से वैध अवैध उत्खनन पूरी तरह प्रतिबंध किया जाता है।

लेकिन तामिया में अधिकारियों के मिले संरक्षण में रोक के बावजूद पूरे कार्यकाल में रेत का उत्खनन एवं परिवहन जमकर होता रहा, लेकिन जब अंतिम तारीख एनजीटी की रोक की करीब आई तो खनिज निरीक्षक ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए बीती रात दो ट्रक रेत के परिवहन करते पकड़े। उन्होंने ट्रको की जांच की तो चालक के पास किसी भी तरह की वैध रॉयल्टी सबंधी दस्तावेज नहीं पाए गए। उन्होंने इन दोनों ट्रको को तामिया थाना परिसर में जप्त कर अभिरक्षा में खड़ा करवाया।

गौरतलब हो कि तामिया क्षेत्र में लगातार रेत का अवैध खनन होता चला रहा है, पकड़े गए ट्रकों से सिद्ध हो गया लेकिन खनिज निरीक्षक की इस कार्रवाई पर इसलिए सवाल उठते हैं कि उन्होंने अपनी तरकीब से यह ट्रक पकड़े क्योंकि रेत चोरों का सूचना तंत्र अधिकारियों से ज्यादा मजबूत है। बावजूद रेत पकड़ना बड़ी बात मान जा रहा, लेकिन इस कार्रवाई का मलाल रेत के वाहन पकड़े गए मालिकों को है कि हमारे ऊपर कार्रवाई के बाद उनके द्वारा की गई चर्चा के अनुसार 28 रेत के ट्रैक्टर ओवरलोड. रेत लेकर निकले तो समझा जा सकता है कि तामिया में कितने बड़े पैमाने पर रेत का अवैध परिवहन उत्खनन हो रहा है। रेत का खनन की ये घटनाओं से यह सिद्ध हो गया कि खनिज निरीक्षक केवल अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने लायक ही कार्यवाही करती हैं, नहीं तो प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर ट्रक रेत लेकर कैसे निकालते हैं।

इस तरह बीती रात तामिया में खनिज निरिक्षक की कार्रवाई से सिद्ध हुआ कि अकेले कुआं बादला की ओर से प्रति रात 500 घन मीटर से अधिक की रेत चोरी होती चली आ रही है तो समझा जा सकता है कि अब तक केवल एनजीटी के प्रतिबंधित काल में लाखों का नुकसान शासन को राजस्व के रूप में हुआ है। यदि खनिज निरीक्षक एवं तहसीलदार चाहे तो आने वाले समय में शासन को हो रहे इस नुकसान को रोका जा सकता है, लेकिन ऐसी संभावना दूर तक नहीं है क्योंकि इन्हीं के संरक्षण में बरसों से यहाँ रेत की चोरी होती चली आ रही है। चाहे अधिकारी कोई भी तैनात रहे हो चोरी नहीं रुकी। हरिभूमि बरसों से इस चोरी के समाचार प्रकाशित करता चला आ रहा है लेकिन खनिज एवं राजस्व विभाग ने सच्चाई झूठ लाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

## प्रभारी मंत्री आज जिले में करेंगे करोड़ों रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह 17 सितंबर 2025 को जिले में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मेगा हेल्थ शिविर का करेंगे शुभारंभ- प्रभारी मंत्री सिंह प्रातः 10.30 बजे दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) छिंदवाड़ा में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार₹ अभियान के अंतर्गत आयोजित 'मेगा हेल्थ कैंप' एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे, जहां दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए जाएंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा जाएगा।

**चंदनगाव में पौधारोपण कर सम्मान समारोह में होंगे शामिल -** मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ करने के बाद प्रभारी मंत्री श्री सिंह नगर निगम जोन कार्यालय चंदनगांव में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करेंगे तथा एफडीडीआई ऑडिटोरियम हॉल, नागपुर रोड छिंदवाड़ा में पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज के दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

**34 करोड़ 65 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन तथा 12 करोड़ 66 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे -** जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिंह विधानसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा में लोक निर्माण विभाग द्वारा देव होटल के सामने नवनिर्मित अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा का लोकार्पण एवं संयुक्त तहसील कार्यालय भवन छिंदवाड़ा नगर का भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र चौरई अन्तर्गत जनपद पंचायत चौरई, नगरपालिका परिषद चौरई एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों अन्तर्गत गोपालपुर से जमुनिया मार्ग निर्माण, कुण्डा सागर–किरंगीपार–कपुरदा –सर्रा मार्ग विशेष मजबूतीकरण, गुरैया–लिखड़ी–लुहारा–तुमड़ा–बाम्हनवाड़ा मार्ग विशेष मजबूतीकरण कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। साथ ही विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत विकासखंड बिछुआ में महाविद्यालय का विस्तार एवं नवीनीकरण, नवीन आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास कुंडा तथा बादगांव स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**सिंगोड़ीः** सिंगोड़ी के समीप ग्राम बांका मुकासा में एक युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ज्ञानलाल कहार के रूप में हुई है, जो मछली पकड़ने के लिए पेंच नदी के किनारे गया था। ज्ञानलाल कहार शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास तेज गरज के साथ बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने युवक को देखा और एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस आधा घंटे से ज्यादा समय तक घटना स्थल पर नहीं पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों ने युवक को बाइक में बिठाकर सिंगोड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक ज्ञानलाल कहार का परिवार अत्यंत गरीब है, मृत ज्ञानलाल ही उस परिवार का पालन पोषण करता था जिसमें दो छोटे बच्चे और बूढ़ी मां हैं। ग्रामीणों ने शासन स्तर पर सहायता की मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम के लिए शव को अमरवाड़ा अस्पताल भेजा गया है।इस तरह की घटनाओं से परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से बहुत बड़ा झटका लगता है, और शासन स्तर पर सहायता की आवश्यकता होती है ।



## अमरवाड़ा पुलिस ने गुमशुदा बालक को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

### बेहरई, बरघाट जिला सिवनी से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती कल्याणी वरकड़े के निर्देशन एवं थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में गुमशुदा नाबालिग बालको की शीघ्र दस्तयाबी के लिए पूर्व से निर्देशित किया गया है ।

इसी तारतम्य मे दिनांक 07/09/25 को प्रार्थिया अनीता पति लक्ष्मण मड़ावी उम्र 42 वर्ष नि. ग्राम ऊमरवाड़ा थाना बरघाट जिला सिवनी के द्वारा रिपोर्ट लेख कराया गया कि वह उसके नाबालिक बेटे के साथ दिनांक 03/09/25 को रिश्तेदारी मे उसके भाई जोशी साईलवार के घर ग्राम भजिया गई थी। दिनांक 04/09/25 को उसका नाबालिक लड़का बिना किसी को बताये रात को कही चला गया । रिपोर्ट पर अप. क्रं. 694/25 धारा-137(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

नाबालिक बालक की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीम का गठन कर तत्परता से शिवपुरी, परासिया, तामिया, सौंसर, पांढुर्णा, लावाघोघरी एवं बरघाट जिला सिवनी का लगातार भ्रमण कर ग्रामवासियो को नाबालिक की फोटो दिखाकर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी गंभीरता के साथ दस्तयाबी के प्रयास किये गये।

इसी क्रम मे सूचना प्राप्त हुई कि नाबालिक बालक ग्राम बेहरई थाना बरघाट जिला सिवनी मे देखा गया है तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम के साथ ग्राम बेहरई थाना बरघाट जिला सिवनी पहुँचकर बालक को विधिपूर्वक दस्तयाब कर उसके माता पिता परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया।

## नाली होने के बावजूद सड़क पर बह रहा पानी



**न्यूटन / परासिया।** सड़क बन गई , नाली बन गई , इसमें जो खेल होना था वह भी हो गया । पर नाली होने के बावजूद बारिश का पानी सड़क से बह रहा तो फिर इतनी जद्दोजहद का औचित्य ही क्या है ?नगर परिषद न्यूटन भले ही विकास की गाथा गाते नजर आती हो पर काम होने के बाद भी समस्या बनी रहे तो विकास फीका नजर आता है । दरअसल न्यूटन नगर में मुख्य सड़क के दोनों ओर पानी निकासी के लिए नाली बनाई गई है , पर इस नाली से बारिश होने पर पानी नहीं निकलता है । दुकानदारों ने अपनी - अपनी दुकानों के सामने नाली पर पत्थर रखकर ऊँचा कर लिया है । झिरिया की ओर जहां से नाली शुरू है , वहां नाली के मुहाने बंद है । जब बारिश होती है , तब पानी इन नालियों में न जाकर सड़क पर बहता है । जिससे सड़क का कटाव होता है । स्थानीय लोगों के द्वारा परिषद के जनप्रतिनिधियों से यह समस्या कई बार बताई , पर जनप्रतिनिधियों की समस्या ये है , कि वे दुकानदारों के सामने से बनाये गए चबूतरें तुड़वा नहीं सकते , यदि ऐसा करेंगे तो चुनाव के वक़्त उन्हें नाराजगी झेलनी पड़ेगी , लेकिन जो अधिकारी हैं , उनके सामने यह बाध्यता नहीं हैं , उसके बावजूद बीते पांच साल ये नगर के मुख्य मार्ग पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है । लोगों को इस समस्या का सामना अभी भी करना पड़ रहा है ।

## वार्ड 11 के अंतर्गत आने वाले स्थल पर भर गया था गंदा पानी और कचरा

### स्वास्थ्य विभाग के सभापति संतोष डेहरिया और सीएमओ भरत गजबे ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर के बीचों-बीच स्थित पुरानी नगर पालिका भवन का स्थल, जहाँ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य हेतु गड्ढा खोदा गया था, कानूनी कारणों से लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ था। निर्माण कार्य रुकने से स्थल पर गंदा पानी भर गया और कचरे का ढेर जमा हो गया। परिणामस्वरूप आसपास के नागरिकों को गंदगी, मच्छरों के प्रकोप और दुर्गंध से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी, जिनके वार्ड में यह स्थल आता है, ने नगर पालिका प्रशासन को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के सभापति संतोष डेहरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे स्वयं मौके पर पहुंचे और वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी के साथ स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्थल पर भारी मात्रा में गंदा पानी जमा है और मच्छरों की बहुतायत के कारण नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने मौके पर ही सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक राय को निर्देश दिए कि—गंदे पानी की तुरंत निकासी की जाए।स्थल पर पुराओ डालकर समतलीकरण (लेवलिंग) किया जाए।भविष्य में दुबारा गंदगी न फैले, इसके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी एवं सभापति संतोष डेहरिया ने यह भी सुझाव दिया कि इस स्थल को व्यवस्थित कर छोटे व्यापारियों के लिए उपलब्ध कराया जाए तथा यहाँ शहर की पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भरत गजबे ने पार्षद और सभापति के सुझावों को सकारात्मक मानते हुए आश्वासन दिया कि स्थल की सफाई, पुराओ और लेवलिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर नागरिकों के लिए यह स्थान उपयोगी बनाया जाएगा।

## पशु चिकित्सा विभाग के कुछ चिकित्सकों को हटाने की मांग

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा विहिप-बजरंग दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्य जब मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पहुंचे तो उनके नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गुंजायमान हो गया। गौरव सेन के नेतृत्व में युवाओं का दल समय समय पर प्रशासन को जगाने का काम करता है और इसी कड़ी में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर जबरदस्त माहौल बनाते हुए विरोध दर्ज किया और शीघ्र कार्यवाही की मांग की।

### डॉ. चड्डा के विरोध में लगे नारे

जिला पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर प्राची चड्डा एवं समस्त स्टाफ के विरुद्ध गोवंश के इलाज में अनियमितता एवं लापरवाही बरतने के कारण विगत कुछ महीनों से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के गौसेवकों को गौ माता के इलाज में विभिन्न परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था जिला पशु चिकित्सालय के डॉक्टर या तो फोन उठाते नहीं और यदि फोन उठाते हैं तो इलाज हेतु स्थान पर नहीं पहुंच रहे थे। अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए गौ माता के इलाज में अपनी असमर्थता प्रकट कर रहे थे। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने डॉ प्राची चड्डा हाय हाय के नारे लगाए एवं उनके निलंबन की मांग की।

### शासकीय भूमि में मजार, झंडा लगाकर कब्जा किए जाने का विरोध

शासकीय भूमि में किया जा रहे अभी विधर्मियों द्वारा अतिक्रमण को लेकर भी बात रखी गई सोनपुर मल्टी में मोहर्रम में एक खंभा लगा दिया गया था जिसे अब तक नहीं हटाया गया है एवं मेडिकल कॉलेज के सामने ब्रिज के नीचे 1 वर्ष पूर्व मजार पुनः निर्मित कर दी गई थी।

### गरबा माँ की आराधना का नृत्य, न बजाएं जाए फिल्मी गाने

विश्व हिंदू परिषद का कहना है कि उस स्थान में पहले मंदिर और मजार दोनों थी एवं ब्रिज निर्माण के समय हिंदुओं ने अपना बड़ा दिल दिखाते हुए अपना मंदिर हटा लिया था जबकि मुसलमानों द्वारा कुछ वर्ष उपरांत दोबारा वहां पर मजार का निर्माण कर दिया गया जिसे हटाने की बार-बार शासन से मांग की लेकिन शासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। गरबे में किसी प्रकार की कोई अश्लील गानों का वादन ना हो किसी प्रकार की विदेशी थीम, बॉलीवुड थीम,नियॉन थीम या उसके जैसे दिखने वाली किसी भी थीम का आयोजन न किया जाए।

### दोनों जिलों में 25 दिसंबर तक आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

## अधिक से अधिक खिलाड़ियों की सांसद खेल महोत्सव में हो सहभागिता : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट इंडिया के माध्यम से जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले के सरकारी और प्राईवेट कॉलेजों और स्कूलों के खिलाड़ियों का सांसद खेल महोत्सव के 20 सितंबर तक वेबसाइट और एप्प में दिये गये क्यूआर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन किया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाना सुनिश्चित करे। जिसमें आप सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुये सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाना है। इसके माध्यम से दोनों जिलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। यह बात मंगलवार को सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले के शासकीय कॉलेजों को प्राचार्यों की बैठक लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कही। उन्होने कहा कि सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला और ब्लाक स्थत पर सभी की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। सांसद खेल महोत्सव की सभी जानकारी समय-समय पर बेवसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी।

सांसद श्री साहू ने सांसद कार्यालय में ही सोशल मिडिया के एक्सपर्टो से भी चर्चा करते हुए उन्हें भी इस सांसद खेल महोत्सव में सोशल मिडिया के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए सोशल मिडिया पर इसे एक अभियान के रूप में काम करने के लिए कहा। उन्होंने इस अवसर पर कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मन की बात के कार्यक्रम के दौरान शहडोल जिले के एक छोटे से गांव की चर्चा की थी, जिसमें उन्होंने वहां सबसे अधिक फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया था। इसके बाद उन्होंने उस गांव के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक अलग से विशेष कोच भेजने की भी व्यवस्था कर दी है। प्रधानमंत्री द्वारा खेलों को अधिक महत्व दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन इस बार देश भर में हो रहा है।

### सांसद ने कहा खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर

बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि इस सांसद खेल महोत्सव में जहां जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्ड स्तर तक के सभी खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिलेगा वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी दिया जाएगा।

## महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस



**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के भारतीय ज्ञान परंपरा कैलेंडर अनुसार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में हिंदी दिवस पखवाड़े का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर के मार्गदर्शन में प्रभारी प्राचार्य एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. संगीता वाशिंगटन के नेतृत्व में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। हिंदी दिवस पर प्रो. मनोज मालवीय ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला, प्रो. मोहम्मद आबिद ने हिंदी के प्रसिद्ध कवियों की वीरगाथात्मक राष्ट्र प्रेम कविता पर भावनात्मक जुड़ाव व आज की प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी। डॉ. कैलाश गाकरे ने हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता एवं हिंदी की दशा और दिशा पर वक्तव्य दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रभारी प्राचार्य डॉ. वाशिंगटन ने भारतीय ज्ञान परंपरा अनुसार प्राचीन साहित्य एवं राष्ट्र प्रेम से युक्त कविता का कविता पाठ किया। मंच संचालन कर रही हिंदी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ सागर भनोत्रा ने हिंदी दिवस की उपयोगिता और मनाने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. एस के शेंडे द्वारा किया गया।

### समाज ने कहा कि असली दोषियों को बचाने की साजिश, संत की छवि खराब करने की घटिया कोशिश

# महामंडलेश्वर स्वामी अजय रामदास पर लगे झूठे आरोपों की निष्पक्ष जांच एवं सुरक्षा की मांग तेज





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई**

अखिल भारतीय लोधा-लोधी क्षत्रिय समाज संगठन तथा हजारों धर्मप्रेमी, श्रद्धालु और समाजसेवियों ने पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी अजय रामदास जी के समर्थन में हुंकार भरी। संगठन ने मुख्यमंत्री महोदया को ज्ञापन सौंपकर कहा कि स्वामी जी पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार और कूटरचित हैं। 6 साल पुराने मामले में अचानक षड्यंत्रवर्ष 2019 में रायपुर में दर्ज एक फर्जी पत्र प्रकरण में स्वामी जी ने जांच में पूरा सहयोग दिया था और तत्कालीन थाना प्रभारी ने भी यह स्पष्ट किया था कि उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। लगभग 6 साल तक लंबित रहने के बाद इस प्रकरण में अचानक धाराएँ जोड़कर उन्हें आरोपी बना दिया गया, जिसे समाज ने द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताया।लोकप्रियता से घबराए, छवि खराब करने की कोशिशहाल ही में वागराज महाकुंभ में महामंडलेश्वर की उपाधि प्राप्त करने के बाद स्वामी जी की लोकप्रियता बढ़ी। समाज का आरोप है कि इसी वजह से असली दोषियों को बचाते हुए, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में उनकी छवि खराब करने की साजिश रची गई। जबकि हकीकत यह है कि पूरे भारत में उनके खिलाफ कोई अन्य प्रकरण दर्ज नहीं है। समाज की पांच बड़ी मांगें 1 स्वामी जी को तत्काल पर्याप्त सुरक्षा दी जाए। 2 यात्रा, कार्यक्रम और निवास स्थलों पर पुलिस अभिरक्षा हो। 3 झूठ और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। 4 मामले की निष्पक्ष जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए। 5 समाज में शांति और विश्वास बनाए रखने हेतु प्रशासन सतर्क रहे।शांति की राह पर, पर न्याय के लिए दृढ़ संकल्पश्रद्धालुओं ने साफ कहा कि वे शांति और कानून व्यवस्था में विश्वास रखते हैं, परंतु यदि संत की छवि और सुरक्षा से समझौता हुआ तो आवश्यक कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। "हमें पूर्ण विश्वास है कि न्याय होगा और शासन पर समाज की आस्था कायम रहेगी।

## सौंसर पत्रकारों का समर्थन, पांढुर्ना जिला प्रेस क्लब ने दिया ज्ञापन



**पांढुर्णा।** सौंसर के पत्रकारों विरोध में गत दिनों भाजपा के 2 नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी और पोस्ट डाली थी। इस बात से नाराज होकर कल सौंसर के पत्रकारों ने पुलिस थाना में ज्ञापन देकर आरोपी नेताओं पर उचित कारवाई की मांग की। आज जिला प्रेस क्लब पांढुर्ना ने सौंसर के पत्रकारों की मांग का जोरदार समर्थन करते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द कारवाई किए जाने के लिए एडिशनल एसपी निरज सोनी को पत्र दिया। जिला प्रेस क्लब ने एडिशनल एसपी निरज सोनी को बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों के लचीलेपन की वजह से आजकल पत्रकारों पर फब्तियां कसना और रात्रि में 9 बजे के बाद सोशल मिडिया पर पत्रकारों के बारे अपमानजनक और द्वेषपूर्ण पोस्ट डालना आम बात हो गई है। ऐसे आरोपियों के खिलाफ समय पर उचित कारवाई नहीं की गई तो उनके हौसला अफजाई करने जैसा होगा। सौंसर विधायक अजय चौरे ने भी एसपी सुंदर सिंह कनेश को पत्र लिखकर पत्रकारों के समर्थन में आवाज बुलंद की है। इन्होंने पत्र में लिखा है कि भाजपा के नेता सत्ता के मद में चूर हो गए है। भाजपा नेता अपने सामने सभी को बौना मानने लगे है। यह लोग लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रतिनिधियों के साथ भी अपमानजनक व्यवहार करने में संकोच नहीं करते। सौंसर के पत्रकारों पर अपमानजनक टिप्पणी करनेवाले भाजपा नेताओं पर सख्त कारवाई की मांग सौंसर विधायक अजय चौरे ने जिला पुलिस अधिक्षक से की है।

## पुलिस हेडक्वॉर्टर में हुई अपराध समीक्षा बैठक



**पांढुर्ना।** आज जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय पांढुर्ना में संपन्न जिलास्तरीय अपराध समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों के निराकरण, यातायात व्यवस्था में सुधार, कोर्ट मोहर्रीर द्वारा समंस तामिली, ई समंस तामिली तथा न्यायालय में लंबित चिन्हित प्रकरणों की प्राथमिकता से तामिली कराने बाबत दिशा निर्देश दिए गए। इस बैठक में मुख्य रूप से एडिशनल एसपी नीरज सोनी, पांढुर्ना थाना प्रभारी अजय मरकाम, मोहगांव थाना प्रभारी जितेंद्र बघेल, सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके, लोधिखेडा थाना प्रभारी एबी मर्सकोले, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, महिला थाना प्रभारी संध्यारानी सक्सेना, जिला विशेष थाना प्रभारी रोशन उईके और अन्य उपस्थित रहे। पुलिस अधिक्षक द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि वे अपने अपने क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु ठोस कारवाई करें।

## माझी समाज लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर लड़ाई लड़नी होगी

**दमुआ।** 16 सितम्बर को माझी आदिवासी सर्व संगठन समन्वय समिति एवं मत्स्य विभाग के वरिष्ठ जनो का आगमन माझी समाज भवन दमुआ में हुआ जहां दूर दराज से पधारे सभी अतिथिगणों का माझी एकता परिवार दमुआ नंदन द्वारा बडे ही हर्षोल्लास से स्वागत किया गया उक्त अवसर नगर पालिका दमुआ के अध्यक्ष, सी.एम.ओ पार्षदगण, सभापति पत्रकार बंधु सहित बडी संख्या माझी समाज के स्वजाति बंधुगण उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से पधारे मुख्य अतिथियो द्वारा समाज के उत्थान के लिए निरन्तर संघर्ष करने की बात कही गई तथा माझी समाज की उन्नति हेतु माझी समाज के लोगो ओ.बी. से हटाकर एस.टी सूची मे शामिल कर एस.टी का आरक्षण का लाभ दिलाने के एक जुट होने की बात कही गई तथा जानकारी देते हुए कहा गया एस.टी. की सूची में सामिल करने हेतु हाईकोर्ट जबलपुर में 2020 में याचिका दायर की गई है। वक्ताओं के रूप में अंश बाथम जी ,राजकरण कवेट जी सतना, लालमणी भोपा , काशीराम गायकवाड जी जबलपुर, मीन गायकवाड जी प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष ने समाज के हित में अपने अपने उद्बोधन व्यक्त किये।

## जिला जेल में साध्वी रेखा बहन ने पितरों का करवाया तर्पण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की मंशानुरूप कैदियों के आध्यात्मिक उत्थान हेतु प्रतिमाह परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू की कृपा पात्र शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन और साध्वी रेखा बहन का सत्संग आयोजित होता हैं । इसी कड़ी में आज साध्वी रेखा बहन का सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने पितर पक्ष के पावन पर्व पर की महिमा से अवगत कराया । साध्वी बहन ने बताया कि हम सब हमारे पूर्वजों या पितरों के ऋणी हैं। पितरों ने हमें नाम दिया , शरीर दिया , गोत्र दिया और जीवन दिया । इसलिए पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना ही श्राद्ध है । जिन - जिन मनुष्य के विवाह नही हो रहें हैं या विवाह हो गया है आपस मे जम नहीं रही है या पुत्र सुख से वंचित हैं या रोजी रोटी में समस्या आ रही है या जबरन जेल यात्रा हो रही है तो ज्योतिष लोग बताते हैं कि कुंडली में पितृ दोष है । इस दोष के निवारण हेतु पितरों का विधिवत तर्पण आवश्यक है । अब किसी कारणवश पूर्ण विधि विधान से हम तर्पण या पिंड दान नहीं कर पाते तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्ध्याय का पाठ कर पितरों को पुण्य अर्पण करने से भी पितरों की सदगति होती है।

## विद्यार्थियों को पेड़ पौधों के संरक्षण के लिए किया प्रेरित



**दमुआ।** आज जुन्नार देव विकासखंड अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय दमुआ में प्राचार्या श्रीमती गौरी सिसोदिया केलाबाग के निर्देशानुसार, व्यावसायिक शिक्षक श्री अनुराग कहार,श्री धनीराम बेले द्वारा विद्यार्थियों का दल जुन्नार देव नर्सरी के लिए भ्रमण पर निकला।जिसमे विद्यार्थियों को पेड़ पौधों के संरक्षक के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा शिकागो उद्बोधन दिवस का आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी में 16 सितम्बर को प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेडाम के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र डोंगरे एवं संयोजक विजय कुमार दांदरे के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद के शिकागो उद्बोधन के परिप्रेक्ष्य में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा कु0 श्रद्धा द्योडे एवं मुस्कान कुमरे द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं उनके शिकागो में दिए गए वक्तव्य पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिया द्वारा उक्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ0 इमरान खान द्वारा किया गया।

### बाईक सवार की मौत, छोटा भाई बाल-बाल बचा

# तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक को मारी टक्कर

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

सोमवार की रात्रि में वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम थानेगॉव के नाले के पास तेज रफ्तार कार व बाइक की जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का दुर्भाग्य रहा कि जिस कार की टक्कर से उसकी मौत हुई, उस कार को उसका जिगरी दोस्त ही चला रहा था। जानकारी अनुसार मृतक युवक शांतनु भरने 28 वर्ष प्रॉपर्टी ब्रोकर होने के साथ ही वारासिवनी में एफ सी आई गोदाम के पास मेडिकल स्टोर्स का संचालन भी करता था। सोमवार की रात्रि में वह मेडिकल दुकान बंद कर अपने छोटे भाई विवेक भरने 26 वर्ष के साथ बाईक क्रमांक एम पी 50 एम एफ 2019 से अपने गृह निवास गर्रा रामपायली जा रहा था। जब वह ग्राम थानेगॉव के नाले के पास रामनाथ टेटे के मकान के पास पहुंचा, उसी समय ग्राम गर्रा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एम पी 50 सी 9863 के चालक राम राणा ने उसकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक और कार की टक्कर के बाद कार असंतुलित होकर सडक़ से नीचे उतर कर खेत में घुस गई और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक चालक शांतनु गंभीर रूप से घायल हो गया और बाईक में पीछे बैठा उसका छोटा भाई विवेक उछल कर दूर जा गिरा। रात्रि में भीषण टक्कर की आवाज सुनकर ग्रामीणजन घटनास्थल पर एकत्रित हो गए और घटना की वारासिवनी पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और घायल शांतनु को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान शांतनु की मौत हो गई।



ग्रामीणों के अनुसार मृतक शान्तनु और कार चालक राम राणा दोनों आपस में गहरे मित्र थे। दोनों प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य साथ में मिलकर करते थे और हमेशा साथ ही रहते थे। लेकिन सोमवार की रात राम की कार उसी के परम मित्र शान्तनु के लिए काल बनकर आई और दोनो दोस्तों को हमेशा-हमेशा के लिए अलग-अलग कर राम को जीवन भर का दर्द दे गई। बहरहाल पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर घटना की जाँच प्रारंभ कर दी हैं। वहीं मृतक शान्तनु का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया हैं। मृतक शांतनु का अंतिम संस्कार उसके गृह ग्राम गर्रा में शोकाकुल माहौल में किया गया।

### प्रदेश की सीमाओं, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व भौगोलिक स्थलों की जानकारी हासिल की

# मॉ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत एनएसएस के दो विद्यार्थियों ने किया विभिन्न स्थलों का भ्रमण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मॉ तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर लौटे शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्याल वारासिवनी में संचालित एनएसएस इकाई के दो वरिष्ठ स्वयंसेवक रविन्द्र पटले एवं दीपेश उंदीरवाड़े का महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया।

विदित हो कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं खेल युवा कल्याण विभाग बालाघाट म0प्र0 के सहयोग से संचालित ''मॉ तुझे प्रणाम'' योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक भौगोलिक स्थलों से प्रत्यक्ष अनुभव कराने हेतु बालाघाट जिले से 44 स्वयंसेवकों का चयन किया गया था। इन स्वयंसेवकों को 11 सितम्बर से 14 सितम्बर तक मध्यप्रदेश के माण्डू (धार), ओंकारेश्वर, महेश्वर (खण्डवा) जिले का भ्रमण करवाया गया। जिसमें वारासिवनी महाविद्यालय के दो वरिष्ठ स्वयं सेवक रविन्द्र पटले व दीपेश उंदीरवाड़े शामिल थे।

इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सीमाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाना और युवाओं में देश भक्ति की भावना विकसित करते हुए सीमाओं की सैन्य गतिविधियों के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करना था। जिससे युवाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा की गहन समझ मिलती रहे।

भ्रमण से वापस लौटे स्वयंसेवक रविन्द्र पटले ने विद्यार्थियों व महाविद्यालय स्टाफ से अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि ''मॉ तुझे प्रणाम'' योजना अंतर्गत 15 से 29 वर्ष आयु के मध्यप्रदेश के निवासी होने के साथ ही एनएसएस, एनसीसी खेल से जुड़े युवा, शैक्षणिक रूप से मेधावी छात्र या स्काउटिंग के सभी छात्र-छात्राएँ शामिल हो सकते है। सभी को निःशुल्क यात्रा, आवास, भोजन, स्थानीय परिवहन, रेल कोच, ट्रैक सूट, टी-शर्ट एवं किट बैग विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है।

### नवनियुक्त चिकित्सकों की टीम ने बदली सिविल अस्पताल की छवि

# लांजी में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार,मरीजों की संख्या में हुई वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील क्षेत्र लांजी के स्थित सिविल अस्पताल में बीते दिनों से स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार हुआ है, जिससे मरीजों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्सकों की टीम ने अपनी निस्वार्थ सेवा से अस्पताल की छवि को बदल दिया है। यहां पदस्थ नवनियुक्त चिकित्सकों द्वारा लगातार अपने ड्यूटी टाईम के अलावा भी निस्वार्थ भाव से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उनकी इस सेवा से मरीजों का विश्वास बढ़ा है और वे अब बेझिझक अपनी समस्या चिकित्सकों को बताकर उचित परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। चिकित्सकों और मरीजों के इस नवाचार से सिविल अस्पताल लांजी की छवि भी काफी हद तक सुधरने लगी है। जहां पहले लोग यहां आने से भी कतराते थे, अब वे बेझिझक अपनी समस्या चिकित्सकों को बताकर उचित परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। यह सिविल अस्पताल लांजी के लिए एक अच्छा संकेत है और यह उम्मीद की जा सकती है कि आगे भी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होता रहेगा।



**चिकित्सकों की टीम ने बढ़ाया मरीजों का विश्वास:** सिविल अस्पताल लांजी में पदस्थ डॉ. अक्षय उपराड़े एमबीबीएस बीएमओ के नेतृत्व में डॉ. अंकित खरोले चाईल्ड स्पेशलिस्ट, डॉ. रजनी शेंडे स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंकित तुरकर एमबीबीएस, डॉ. रूपेंद्र गिरिया एमबीबीएस एवं अन्य चिकित्सकों के साथ सहयोगी स्टाफ द्वारा लगातार मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराया जा रहा है जिससे मरीजों का विश्वास सिविल अस्पताल की सेवाओं के प्रति काफी हद तक बढ़ा है और लोग जिला मुख्यालय बालाघाट और समीपस्थ राज्य महाराष्ट्र के अस्पतालों का रूख करने की बजाय सिविल अस्पताल लांजी में ही आकर अपना उपचार करा रहे है और सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे है। चाईल्ड स्पेशलिष्ट डॉ. अंकित खरोले द्वारा ड्यूटी टाईम के अलावा ज्यादातर समय सिविल अस्पताल में ही दिया जाता है ताकि इलाज के लिये सिविल अस्पताल पहुंचे शिशु रोगी खाली हाथ न लौंटे।

**लोगों से सहयोग की अपेक्षा: बीएमओ उपराड़े**

सिविल अस्पताल लांजी की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा के दौरान सिविल अस्पताल लांजी के बीएमओ अक्षय उपराड़े द्वारा नगर सहित क्षेत्र के लोगो से इसी तरह सामंजस्य और सहयोग की अपील करते हुए कहा की नगर के लोगों ने जिस तरह हम सभी चिकित्सकों पर विश्वास जताया है उसी तरह आगे भी बनाए रखें ताकि हम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सकें और शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उन तक पहुंचा सके। उन्होने सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों से यहां की पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिये सहयोग की अपेक्षा की और कहा भविष्य में हमारे द्वारा साथी चिकित्सकों के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में और भी अच्छा कार्य किया जाएगा ताकि लोगों को सिविल अस्पताल में ही बेहतर उपचार मिल सके और उन्हें अन्यत्र कहीं भटकना न पड़े।

### नगर परिषद पर ठीकरा फुटने से पहले की गई मरम्मत

# एप्रोच रोड में चलना हुआ मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती पारधी की उदासीनता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे डीआरएम की घोर लापरवाही और नगर परिषद कटंगी के अनावश्यक रेल भूमि में दखलअंदाजी ने दर्जनों गांवों के राहगीरों और स्कूली विद्यार्थियों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है. मामला कटंगी से छतेरा-सेलवा को जोड़ने वाली रेलवे की एप्रोच रोड़ का है. इस रोड़ का काफी लंबे समय से निर्माण अधूरा पड़ा है. बारिश के बाद बदहाल हो चुकी रोड़ के गड्ढों में जलभराव की समस्या बन रही थी. जिससे राहगीरों, स्कूली विद्यार्थियों का आवागमन करना मुश्किल हो गया था. सेलवा की एक निजी मैंगनीज खदान का वाहन ने रोड़ के गड्ढे की वजह से करवट ले ली थी जिसके बाद खदान के कर्मचारियों ने सड़क के गड्ढों में मलबा डलवा दिया. यहीं से राहगीरों के लिए परेशानी की शुरुआत हुई. मलबा डालने से आवागमन में दोहरी परेशानी खड़ी हो गई. राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानी की शिकायत विधायक गौरव सिंह पारधी तक पहुंची तो उन्होंने रविवार 14 सितंबर को नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे के साथ रोड़ का निरीक्षण किया और जनता को होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर परिषद को सुधार करने के लिए कहा. उपयंत्री राजेश चौकसे ने सुधार के नाम पर रोड़ के गड्ढों और मलबे के उपर मिट्टी डलवा दी. सोमवार की शाम बारिश के बाद मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई और रात्रि में सफर करने वाले राहगीर परेशान हो गए कई राहगीरों के गिरकर चोटिल होने की जानकारी सामने आई।



मंगलवार की सुबह जब ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों का तहसील मुख्यालय की तरफ अपने से आवागमन शुरू हुआ तो सड़क में फैले कीचड़ से आना-जाना मुश्किल हो गया. जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए. सेलवा, बड़गांव की ग्रामीण जनता शहर में आकर नगर परिषद कार्यालय में उपद्रव करती लेकिन इससे पहले ही नगर परिषद ने अपनी गलती को सुधारते हुए रोड़ से मिट्टी हटवाने का काम शुरू करवा दिया. लेकिन सुधार कार्य से पहले जो विद्यार्थी स्कुल जाने के लिए निकले थे रोड़ में गिरकर उनके कपड़े खराब हो गए और वह स्कूल की बजाए अपने घर वापस लौट गए. मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों से विद्यार्थी स्कूल नहीं जा पाए।

करीब 05 वर्ष से रेलवे की एप्रोच रोड़ खराब है ग्रामीणों ने एक नहीं बल्कि कई बार मौजूदा सांसद भारती पारधी और पूर्व सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन को सड़क की वास्तविकता से अवगत करवाया. इसके अलावा कई बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारी डीआरएम को भी ज्ञापन सौंपा. रेल अधिकारी ने हर बार आश्वासन दिया कि शीघ्र ही रोड़ का निर्माण होगा लेकिन आज तक निर्माण नहीं हो पाया. भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क के हाल लगातार खराब होते रहे. सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई. राहगीरों को चलते वक्त सड़क तलाश करनी पड़ रही है. नगर परिषद ने जनता के आक्रोश को देखते जेसीबी की मदद से रोड़ के कीचड़ की सफाई करवाई है. ध्यान देने वाली बात यह है कि सड़क की बदहाली पर जहां सत्ताधारी दल के नेता उदासीन है वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के नेता जनता की समस्याओं को सुनने की बजाए अपने घरों में बैठे हुए है यह चुनाव आने का इंजतार कर रहे है. चुनाव आने पर यह भी भाजपा के नेताओं की तरफ ही जनता को हर हाल में सहयोग करने का भरोसा देकर मूर्ख बनाने का काम करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## जल उपयोगिता समिति की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग श्री व्ही पी चौधरी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 के लिए रबी सिंचाई का लक्ष्य एवं सिंचाई संचालन के दौरान कृषकों को होने वाली कठिनाईयों के निराकरण के उद्देश्य से गुरूवार 18 सितम्बर 2025 को प्रातः 11.00 बजे कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में इच्छुक कृषक प्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण उपस्थित होकर सुझाव उपलब्ध करा सकते हैं।

# समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन 10 अक्टूबर तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसान पंजीयन दिनांक 15 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में किसानों की सुविधा के लिए 66 किसान पंजीयन केन्द्र क्रमशः आमागढ, नरेला, कान्हीवाडा, थांवरी, गोपालगंज, सीलादेही, बांकी, चदौरीकला, चावडी, मडवा, चंडोल, पुरुनाह, मुंगबानीकलों, लखनवाडा, केवलारी, खापा, अडरवाडा, छीन्दा, पलारी, देवघाट, सुनेहरा, बुटेरा, लोपा, अर्जुनझिर, बगलई, बरघाट, बरघाट, लुहारा, अरी, डूॅगरियाद्बपारा, छपाराकला, लखनादौन, सारसडोल, नागनदेवरी, घंसौर, कहानी, मेहता, केदारपुर, धनौरा, कुंडारी, कुरई, पीपरवानी, छुई, मानेगांव, चक्की, खमरिया, गुवारी, बादलपार, मोहगांव, मलारा, धारनाकलों, बेहरई, धपारा, दीदीदाडा, बीसावाडी, कलारबाकी, उडेपानी, संमनापुर, धूमा, सनाईडोगरी, लखनादौन, आदेगांव, में स्थापित किये गये है। धान उत्पादक किसान उक्त केन्द्रों में जाकर निःशुल्क धान पंजीयन 15 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक 11:00 से 5:00 बजे तक शासकीय कार्य दिवस में करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सशुल्क किसान पंजीयन के लिए जिले में एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर जाकर उपनी उपज (धान) का पंजीयन करा सकते हैं।

## आसमानी बिजली की चपेट मे आने से 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के ग्राम पुरवा माल चौथा मील के समीप मवेशी चरा रहे किसान अचानक से मौसम बिगडने के बाद तेज गर्जना के बीच गिरी आसमानी बिजली की चपेट में आकर झुलस जाने से मृत्यु हो गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पुरवा माल निवासी चेतन इनवाती 65 वर्ष सोमवार की सुबह के समय घर के मवेशी चराने के लिए गया था, तभी मौसम बिगडने के बाद तेज गरज-चमक के बीच आसमानी बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से चेतन झुलस गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस के द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्डम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने की जनसुनवाई



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रातः 11 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां पर आपने पार्टीजनों की उपस्थिति में लोगों की समस्याओं को सुना। इसके पश्चात जिला भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर पोस्ट कार्ड अभियान के तहत विधानसभा की जनता की ओर से जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजने हेतु विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा मंडल अध्यक्षों को पोस्ट कार्ड समर्पित किये गया। इस अवसर पर जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# प्राची यादव को स्कूटी का तोहफा



हरिभूमि न्यूज केवलारी।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केवलारी- की छात्रा प्राची यादव पिता बसंत यादव माता लक्ष्मी यादव को कक्षा 12 वीं कला संकाय मे वर्ष 2025 के परीक्षा परिणाम मे विद्यालय स्तर पर 88 प्रतिशत अंक लेकर टाप करने के लिए शासन की मुफ्त स्कूटी योजना, लेपटॉप योजना के तहत आज दिनांक 16 सितंबर को अनुप बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा के हस्ते एवं रमाशंकर महोबिया पत्रकार, अमित तिवारी, सतीश राय,नरेश बघेल, के के ग्रियाम प्राचार्य ,निशा डोंगरे शिक्षिका, शक्ति पटेल, अमित कुमार अग्रवाल, जी एस उइके, पी एस साहू, आई कुर्वेती, सोनल पाठक, कैलाश उइके,रविकांत ताम्रकार ,लक्ष्मी यादव की उपस्थिति मे स्कूटी की चावी व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । सर्व विदित है दिनांक 11 सितंबर 2025 को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 7832 विद्यार्थियों को मुफ्त स्कूटी योजनान्तर्गत सकूटी प्रदान की थी।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को बिजली विभाग में समायोजन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश के बिजली विभाग में कार्यरत समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों को विभाग में समायोजन करने हेतु मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन जो कि भारतीय मजदूर संघ संबंधता प्राप्त संगठन के आव्हान पर दिनॉक 15-9-2025 दिन सोमवार को प्रदेश व्यापी ज्ञापन ऊर्जा मंत्री के नाम से सौंपा गया। जिसमें संगठन द्वारा सरकार से मांग की गई है कि ऊर्जा विभाग में नवीन स्वीकृत पदों पर विभागीय परीक्षा लेकर बिजली विभाग में कार्यरत समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों का समायोजन किया जाये एवं शेष बचे पदों पर भर्ती की जाएं।

बता दे कि ऊर्जा विभाग ने कुछ दिन पूर्व 49263 नवीन पद स्वीकृत किए थे जिसमें आगामी तीन वर्षों में नवीन पदों में नियमित भर्ती करने की योजना हैं। सिवनी जिले के संगठन के पदाधिकारीयों ने बताया कि मध्यप्रदेश में बिजली विभाग में 45000 से भी अधिक आउटसोर्स कर्मचारी (जो पूर्ण अनुभवी )लगातार कई वर्षों से कार्यरत हैं ऐसे में नवीन भर्ती होने से हजारों कर्मचारियों पर रोजगार का संकट आ जाएंगा ।

हमारा सरकार से निवेदन है कि इन्हीं कर्मचारियों को विभागीय परीक्षा लेकर विधुत कंपनियों में समायोजन करने से ऊर्जा विभाग को योग्य और अनुभवी कर्मचारी मिलेंगे जिससे उपभोक्ता को बेहतर सेवा मिल सकेगी। ज्ञापन के दौरान संगठन में सिवनी जिले से कर्मचारी उपस्थित हुए।

भारतीय मजदूर संगठन उपाध्यक्ष पूर्व क्षेत्र विनोद सोनी जी, ए एस बंजारा ,, स्टेनो इरफान खान बह्यस्त्रोत विधुत कर्मचारी संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम सराठे, जिला उपाध्यक्ष जोजेम्स ,गौरव बिसेन , राकेश बघेल संजोग चौहान विजेंद्र कश्यप,दानिश खान,दीपक बघेल, जित्तू सनोडिया ,मनोज कुमरे, अनुराग दुबे रितेश रजक,शुभम यादव ,अशोक भावरे ,प्रतीक बगाड़े,गौतम विश्वकर्मा, नरेंद्र ठाकुर , विनोद झरिया ,,विनोद सोनी शुभम विश्वकर्मा अंकित राहंगडाले रूपेश कनोजिया शुभम रजक,सुरेंद्र वास्तव ,असफाक खान ,रूपेश रजक ,कोमल हंडेकर,,पंकज शर्मा ,किशोर मालवी दिनेश पटले प्रशांत प्रजापति दुर्गेश कुशवाहा सुनील शेंडे सुंदरम डेहरिया अक्षय पटले विकास वंशकार राहुल ठाकुर सागर यादव विनोद डेहरिया आशीष जंघेला आकाश बर्मन अन्य साथी मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनुराग पाण्डेय का दौरा कार्यक्रम

सिवनी 15 सितम्बर 25/ मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री अनुराग पाण्डेय दिनांक 16 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक सिवनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार 16 सितम्बर को प्रातः 08 बजे भोपाल से सड़क मार्ग द्वारा सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 03 बजे सिवनी सर्किट हाउस पहुंचेंगे। आयोग सदस्य श्री पाण्डेय दिनांक 17 एवं 18 सितम्बर की अवधि में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, जिला बाल कल्याण समिति एवं जे.जे.वी. के अध्यक्ष तथा सदस्यों के साथ बैठक में शामिल होंगे तथा शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। आयोग सदस्य श्री पाण्डेय 19 सितम्बर को प्रातः 08 बजे सिवनी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पौराणिक स्वरूप में हो माता की स्थापना

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की अपील

**सभी मूर्तिकार बंधुओं एवं सभी दुर्गा माता पंडालों से आग्रह करता है कि शारदेय नव रात्रि में माता के शक्ति स्वरूप की आराधना की जाती है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने बताया कि माता को उनके पौराणिक स्वरूप सिंहवाहिनी महिषासुर मर्दनी अर्थात सिंह पर सवार होकर महिषासुर नामक राक्षस का मर्दन करने वाले स्वरूप में ही स्थापित करें। किसी भी प्रकार के काल्पनिक स्वरूप में न बनाए और न ही पूजन करें। जिन दुर्गा उत्सव समिति का सिंह और महिषासुर बनवाने पैसा न हो, वे डेकोरेशन के खर्च कम कर दुर्गा माता की स्थापना पौराणिक रूप से करवाए। किसी भी प्रकार की माता के स्वरूप के साथ अभद्रता करने पर आप स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 190 आवेदन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।



जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम तेंदूखेडा निवासी पार्वती उइके द्वारा पट्टा प्रदाय किये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम भीमगढ निवासी सादिक कुरैशी द्वारा शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम खखरिया निवासी रूप्पूलाल गोंड द्वारा उनकी भूमि पर अनावेदकगणों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाये जाने विषयक, किदवई वार्ड सिवनी निवासी अशोक राय द्वारा राजस्व रिकार्ड में नाम सुधार किये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी पार्वती बाई मरकाम द्वारा वृद्धापेंशन का लाभ एवं आधार कार्ड अपडेट कराये जाने विषयक, ग्राम मोठार सिवनी निवासी सुखवती जंघेला द्वारा जंगली पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने पर मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम ताखलाकला निवासी राजकुमार ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम काठी बरघाट निवासी शकुनतला बाहेश्वर द्वारा ग्राम पंचायत चिरचिरा से जोरावारी तक 3 किमी रोड में डामरीकरण कराये जाने विषयक, ग्राम गोपालगंज सिवनी निवासी राहुल नाथ द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, महामाया वार्ड सिवनी निवासी ध्रुवनारायण चौधरी द्वारा समग्र आईडी में नाम जोडे जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर सिवनी निवासी हरीराम सोनी एवं अन्य द्वारा राशनकार्ड एवं निराश्रित पेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम गंगई निवासी सालकराम बरकडे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम ढुटेरा केवलारी निवासी रूपसिंह बरकडे द्वारा संबल परिवार समग्र आई डी पात्रता पर्ची सुधारवाने विषयक, टेगौर वार्ड सिवनी निवासी अरूण मालवी द्वारा गरीबी रेखा में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम ग्वारी निवासी बसंतपाल एवं अन्य द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, विषयक सहित कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा नमोविमं

सिवनीः आगामी 17 सितंबर 2025 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर नरेन्द्र मोदी विचार मंच जिला सिवनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए नरेन्द्र मोदी विचार मंच (मिशन न्यू इंडिया) के जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम बघेल ने बताया कि आगामी 17 सितंबर को देश का नाम ऊंचा करने वाले, मां भारती के लाल यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिवस सादगी पूर्ण ढंग से मनाया जावेगा। इस दौरान सर्वप्रथम श्री घनश्याम बघेल ने बताया कि दोपहर 03:00 बजे वृद्ध आश्रम मे वृद्धजनों को मिष्ठान एवं फलों का वितरण किया जाएगा। एवं संध्या काल 07:00 बजे बाहुबली चौक मे मां भारती के पूजन उपरांत 101 किलो लड्डुओं का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर श्री घनश्याम बघेल द्वारा समस्त नागरिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या मे गरिमामय उपस्थिति का आग्रह किया है।

# खेल विश्व में तीसरा स्थान है हिन्दी का

## छात्राओं ने किया काव्य पाठ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में भारतीय ज्ञान पीठ परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत हिन्दी पखवाडा का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कल्पना इंगले ने किया जबकि मुख्यातिथि डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी थे, इस अवसर पर बीएससी तृतीय की कुमारी अन्नु सनोडिया ने गीत की प्रस्तुति दी वही मुंजा खान बीए प्रथम वर्ष ने गजल प्रस्तुत की शिवानी भगत ने दोहे प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी ने राजनैतिक परिपेक्ष में चमचावली रचना से छात्राओं को हंसाया वही अपने गीत से लोगों चिंतन छोडा। इसी तरह नरेन्द्र नाथ चट्टान ने भी हास्य व्यंग्य की रचनाओं से समाज की विसंगतियों को रखा। इस अवसर पर तिरंगा रचना के माध्यम से संयज संजू जैन ने कहा हमारे साथ तिरंगा है हमें किस बात की चिंता है कार्यक्रम की संयोजना डॉ ओम प्रकाश सरवैय्या ने की जबकि डॉ. नरेन्द्र भीमटे तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा रैकवार उपस्थित रही, संचालन मो राशिद खान हेमराज नागंवशी ने किया इस अवसर पर लक्ष्मी मेश्राम भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष सीमा रैकवार ने बताया कि हिन्दी को भले ही राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं मिला मगर यह पूरे विश्व में बोली जाने वाली भाषा के क्रम में तीसरे स्थान पर है आपने पूरे देशों के आकडो के आधार पर इसके महत्व को रखा आयोजन में अशोक जैन आशीष सुमन डहेरिया, सरस्वती सुंदर सत्येन्द्र का योगदान रहा।

## जिला स्तरीय शालेय बास्केटबॉल स्पर्धा हुई आयोजित

# चयनित खिलाड़ी जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय स्पर्धा में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी शिक्षा विभाग द्वारा उदय पब्लिक स्कूल सिवनी के बास्केटबॉल कोर्ट में जिला स्तरीय बास्केटबॉल चयन स्पर्धा का आयोजन किया।इस स्पर्धा में सिवनी जिले के उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, रॉयल ईकोल सिवनी, उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला सिवनी, मॉर्डन स्कूल सिवनी , इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सिवनी, माउंट लिट्रा जी स्कूल सिवनी, सहित अन्य विद्यालयों के खिलाडियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित खिलाडी संभाग स्तरीय स्पर्धा जो दिनांकों 20 से 21 सितम्बर तक जबलपुर में में भाग लेंगे।



बदन बाई जतन बाई मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित उदय पब्लिक स्कूल सिवनी में जिला स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा का आयोजन शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया इस स्पर्धा में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस , राघवेंद्र ठाकुर प्राचार्य उदय पब्लिक स्कूल सिवनी एवं प्रदीप वर्मा ,अनिल राजपुत ,शैलेंद्र साहू,आतिथ्य में संम्पन हुई।

## दिव्यांगजनों के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सिवनी । कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन एवं आजीविका मिशन तथा सामाजिक न्याय निशक्तजन कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा सिवनी जिले के दिव्यांगजनों हेतु 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में दिव्यांगजनों को शॉपकीपर से संबंधित व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे भविष्य में स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।संदीप परते, प्रभारी उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को कौशल आधारित शिक्षा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। शॉपकीपर का प्रशिक्षण दिव्यांगजनों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। जिसका समापन आज दिनांक 13.9.2025 को किया गया।

# गायों को पालना बंद कर दिया इसलिए कत्लखाने जाने लगी-भाव सागर

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जीव रक्षा संस्थान गौशाला सिवनी मध्यप्रदेश में महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महामुनिराज से दीक्षित परम पूज्य आचार्य समय सागर महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्यच मुनि भाव सागर महाराज ने गौशाला का अवलोकन किया एवं उन्होंने प्रेरणा दी कि पूज्य महासमाधि धारक आचार्य विद्यासागर महाराज चरण चिन्ह वेदी पर विराजमान होना चाहिए इसके लिए डा मधुरेंद्र चौधरी परिवार ने स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि भारत की रीढ़ मजबूत करना है तो गाय की रक्षा करो पृथ्वी पर कोई सम्पदा है तो वह गाय है उसे मौत के घाट उतारा जा रहा है कोई रक्षा नहीं कर पा रहे हैं आचार्य के आशीर्वाद से गायों की रक्षा हो रही है गायों को पालना बंद कर दिया इसलिए कत्लखाने जाने लगी ।

भारत की धरती पर करोड़ों गोकुल होते थे ,गौ माता बड़ी सयानी है, गायो की रक्षा करे गौशालाओ में भेजे, राष्ट्र की रीढ़ गाय हैं, भारत देश गायों का रव सुनकर गौरव मानता था, गाय का पालन करें यह चेतन धन है सर्वश्रेष्ठ संपदा है, गाय चेतन धन है इसकी सुरक्षा करेंधर्मशास्त्र तो गोधन की महानता और पवित्रता का वर्णन करते ही है किन्तु भारतीय अर्थशास्त्र में भी गोपालन का विशेष महत्व है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में गोपालन और गो रक्षण का विस्तृत वर्णन है। भारत में अनादिकाल से ही सभी का मुख्य कर्तव्य गोपालन ही रहा है। प्राचीन काल में जिसके पास ज्यादा गायें होती थीं, वही संपत्ति शाली माना जाता था, गाय से यह देश मंगल का स्थान बन गया था गाय के बिना आज अमंगल हो रहा है देश में। भारत के डॉ., वकील, ग्रंथकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी, विद्वान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्विसमेन, बिजनेस मेन, गाय के पालन में सहयोग करें यह महत्वपूर्ण जीव रक्षा का कार्य है। आजकल गृहस्थों ने गाय रखना बंद कर दी है कार, मकान, दुकान, कपड़े, सप्त व्यसन, जुआं, शराब आदि में पैसा बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन एक गाय नहीं रख पा रहे है। गाय के दूध से कैंसर, कोलेस्ट्राल, हृदय रोग, कोड़, ब्लडप्रेशर आदि बीमारियां ठीक होती हैं। गाय का दूध बुद्धिवर्धक होता है। 24750 मनुष्य एक गाय के जीवन भर दूध से तृप्त हो सकते है। गाय पर प्रेम से हाथ फेरने से ब्लड प्रेशर ठीक हो जाता है। गाय की पीठ पर सूर्य केतू स्नायु हानिकारक विकिरण को रोककर वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं। हवन में घी के प्रयोग से वातावरण शुद्ध होता है। ओजोन की परत मजबूत होती है। गाय के रोम और निःस्वास से भी बीमारी ठीक होती हैं। गाय और बछड़े के रंभाने की आवाज से मनुष्य की अनेक मानसिक विकृक्तिया तथा रोग अपने आप नष्ट हो जाते हैं। गाय अपने सींग के माध्यम से कास्मिक पावर ग्रहण करती है। गाय के गोबर से टी.वी., मलेरिया के कीटाणु नहीं पनपते हैं। विनोबा भावे कहते थे कि हिन्दुस्तानी सभ्यता का नाम ही गोसेवा है। पहले आम के बगीचों में दूध की सिंचाई होती थी। गाय के दुग्ध पदार्थों में विष को समाप्त करने की क्षमता होती है। गाय के शरीर में विषैले पदार्थों को पचाने की क्षमता होती है। लगभग 8000 साल पहले सिंधु घाटी में गाय को पालतू बनाये जाने से एक क्रांति आयी थीं। इस तरह आप गाय की उपयोगिता के बारे में लोगों को बतायें प्रचार प्रसार करे।

## एफपीओ से जुड़े 200 किसान, जम्बो सीताफल से बढ़ा सम्मान



# कलेक्टर को भेंट किए गए जिले के प्रसिद्ध जम्बो सीताफल, पल्प उत्पादन की भी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जम्बो सीताफल फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के कृषक श्री टीकाराम चंद्रवंशी ने आज कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जिले की शान माने जाने वाले बड़े आकार और स्वादिष्ट जम्बो सीताफल भेंट कर उत्पादन एवं विपणन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एफपीओ से 200 से अधिक किसान जुड़े हुए हैं और सभी किसान प्राकृतिक तरीके से सीताफल का उत्पादन कर रहे हैं। इस कारण जिले के जम्बो सीताफल की देश-प्रदेश में अच्छी मांग रहती है तथा किसानों को इसका उचित मूल्य भी प्राप्त हो रहा है। श्री चंद्रवंशी ने आगे बताया कि सीताफल से पल्प बनाने की कार्ययोजना पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे। जिले का जम्बो सीताफल अपने विशेष आकार और अनूठे स्वाद के लिए विख्यात है। उल्लेखनीय है कि इसे जिले का "एक जिला – एक उत्पाद" (ODOP) घोषित किया गया है, जिससे इसकी पहचान और भी मजबूत हुई है। कलेक्टर सुश्री जैन ने किसानों के इन प्रयासों की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की 113वीं वार्षिक आमसभा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित सिवनी की 113वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन बैंक के मुख्यालय भवन में किया गया। आमसभा की अध्यक्षता कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक सुश्री संस्कृति जैन ने की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शअशोक टोकनकर, पूर्व संचालक मंडल सदस्य वेद सिंह ठाकुर एवं रमेश तिवारी, बैंक के सभी अंशधारी सदस्य, एन.डी.सी.सी. बैंक अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य लेखाधिकारी सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आमसभा में वर्ष 2025-26 का आय-व्यय (बजट), वर्ष 2026-27 का अनुमानित आय-व्यय (बजट) तथा आगामी वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना एवं ऋण वितरण नीति का अनुमोदन किया गया।

वित्तीय स्थिति पर प्रस्तुत प्रतिवेदन में बताया गया कि बैंक द्वारा अब तक जमा राशि 43.10 करोड़ रुपये, अंशपूंजी 1.90 करोड़ रुपये तथा रक्षित एवं अन्य कोषों में 5.88 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अब तक कुल 137.37 करोड़ रुपये की ऋण राशि वितरित की गई है, जिससे 3.06 करोड़ का वार्षिक लाभ अर्जितकिया गया है। बैंक की जुलाई 2025 तक 76.44 प्रतिशत कृषि ऋण वसूली रही है। इसी वित्तीय वर्ष में बैंक के एनपीए में 11.25 प्रतिशत की कमी आई है। बैंक द्वारा आगामी वर्ष 2026-27 हेतु 850 करोड़ की अमानत वृद्धि, अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण 900 सौ करोड, सदस्यता वृद्धि 6 हजार एवं वसूली 85 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया है।

## कलेक्टर की जनसुनवाई में बताये मेडम की तानाशाही

# दबंग शिक्षिका भारती बिसेन से परेशान छात्र-छात्राएं

## मामला लालबर्रा क्षेत्र के खमरिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के लालबर्रा खमरिया उमा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में फिजिक्स की शिक्षिका भारती बिसेन के खिलाफ शिकायत की है। कलेक्टर मृणाल मीणा से छात्रों ने उनके ट्रांसफर की मांग की है।**



छात्रा खुशी बिसेन ने बताया कि शिक्षिका का व्यवहार छात्रों के साथ उचित नहीं है। वह स्कूल स्टाफ से भी विवाद करती रहती हैं। शिक्षिका 45 मिनट के पीरियड में केवल 15-20 मिनट ही पढ़ाती हैं। पाठ्यक्रम को जल्दबाजी में पूरा करती हैं, जिससे विद्यार्थियों को विषय समझ नहीं आता। छात्रों का आरोप है कि शिक्षिका खुद तो कक्षा में देर से आती हैं, लेकिन यदि कोई छात्र आपात स्थिति में टॉयलेट जाता है, तो उसे पूरे पीरियड तक कक्षा के बाहर खड़ा कर देती हैं। वह छात्रों को बिना कारण डांटती हैं और अभिभावकों से शिकायत करने पर प्रैक्टिकल में कम नंबर देने की धमकी देती हैं। छात्रों ने प्रिंसिपल से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में छात्र-छात्राएं जनसुनवाई में पहुंचे। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।

## टीआई बोले पीड़िता के बयान से ही पता चलेगा गोली लगने का कारण

# प्रतिष्ठित उद्योगपति त्रिवेदी परिवार की सदस्य चांदनी के कंधे पर लगी गोली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के एक प्रतिष्ठित उद्योगपति परिवार की सदस्य चांदनी त्रिवेदी के कंधे में गोली लग गई। इस दौरान चांदनी के साथ उनके माता-पिता, बच्चे और मुंहबोला भाई पियूष पाठक भी मौजूद थे। घटना सोमवार देर रात की है।**

पुलिस को प्रारंभिक जांच में 7.62 एफ मॉडल और 9 एमएम से छोटी देशी गन से फायर होने की जानकारी मिली है। घटनास्थल से पुलिस ने गोली का खोका, रक्त से सने कपड़े और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। सीएसपी वैशाली कराहलिया और थाना प्रभारी विजय राजपूत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के बयान के लिए गोंदिया अस्पताल में कर्मचारी भेजा गया है। घटना के बाद चांदनी को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गोंदिया के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली जानबूझकर चलाई गई या लापरवाही से चली। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है।



# संदिग्ध हालत में मिली महिला की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के प्रेमनगर में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान सीमा तिवारी के रूप में हुई। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उकवा पुलिस को सूचना मिली कि प्रेमनगर स्थित मॉयल कर्मी के क्वार्टर में सीमा तिवारी बेसुध अवस्था में पड़ी हुई है।

पुलिस ने तुरंत महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एफएसएल टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और उसे सील कर दिया है।

मृतका की बहन रीमा आर्मो ने पति अनिल तिवारी पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सीमा ने फोन पर बताया था कि अनिल कई दिनों से उसके साथ मारपीट कर रहा था। मारपीट के कारण उसकी पसलियों में भी चोटें आई थीं।




जांच अधिकारी दीपक त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने पति अनिल को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि सीमा की शादी पहले मलाजखंड के मोहगांव में हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे हैं। बाद में वह अनिल के साथ रहने लगी। अनिल मॉयल में ठेकेदारी का काम करता था और उसके पिता मॉयल में नियमित कर्मचारी हैं। पुलिस विवाद के कारणों की जांच कर रही है।

## हट्टा के छात्र का संभाग स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा जिला बालाघाट में दिनांक 15 सितम्बर को आयोजित हुई थी जिसमें शासकीय महाविद्यालय हट्टा जिला बालाघाट से अलपित सययाम विनय देशमुख छवि पटले विवेक खोबरागड़े नीरज कावड़े वैभव काटेकट रंजीत पाचे पवन जामरे जय चौधरी रूपेश पाचे भूपेंद्र पाचे ने प्रतियोगिता में भाग लिया था उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शासकीय महाविद्यालय हटा से अलपित सययाम का चयन बालाघाट जिले की टीम में हुआ है जो 18- 9- 2025 को लालबर्रा में आयोजित संभाग स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगा छात्र के चयन पर संस्था के प्राचार्य श्री मुकेश बिसेन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सचिन तिवारी एवं संस्था के सभी शिक्षक एवं छात्र खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# बालाघाट-गोंदिया रूट पर ट्रेनों की देरी की समस्या जल्द खत्म होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सोमवार शाम बालाघाट स्टेशन का निरीक्षण किया। वे मंडला फोर्ट से गोंदिया स्टेशन तक के निरीक्षण दौरे पर निकले थे।

महाप्रबंधक ने स्पेशल ट्रेन से बालाघाट पहुंचकर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, वेटिंग रूम और कर्मचारियों की ड्यूटी का निरीक्षण किया।

बालाघाट में पहली बार आए तरूण प्रकाश ने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्री सुरक्षा, सुविधाओं और मेंटेनेंस स्टाफ का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन का कायाकल्प लगभग पूरा हो चुका है। बचे हुए काम 15-20 दिनों में खत्म हो जाएंगे।




स्टेशन का फ्रंट एरिया, टॉयलेट और वेटिंग हॉल का नवीनीकरण पूरा हो चुका है। गोंदिया स्टेशन में नए आरओआर की शुरुआत से मालगाड़ियों का संचालन शुरू हो गया है। इससे बालाघाट-गोंदिया रूट पर ट्रेनों की देरी की समस्या जल्द खत्म होगी।

महाप्रबंधक ने बताया कि गोंदिया से जबलपुर तक डबल लाइन का काम पूरा हो चुका है। रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिलते ही इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। डीआरयूसी सदस्य मोनिल जैन ने स्टेशन क्रमांक 2, 3 और 4 के उन्नयन की मांग की। साथ ही वंदे भारत को जबलपुर से बालाघाट होते हुए भोपाल तक चलाने का प्रस्ताव रखा।

# मॉयल सार्वजनिक दुर्गाउत्सव में होंगे विविध मनोरंजन कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित मॉयल सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति भरवेली द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दस दिवसीय नवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। आयोजन समिति के संरक्षक एवं संयुक्त महाप्रबंधक उम्मेद सिंह भाटी, अध्यक्ष खान प्रबंधक विवेक कुमार, सचिव विनय कुमार राहंगडाले, सहसचिव नरेन्द्र महेश, कार्यक्रम सचिव मंगेश डहाके और कोषाध्यक्ष मोहसिन अंसारी के साथ-साथ पूजा समिति, साज-सज्जा एवं बैठक व्यवस्था समिति, सुरक्षा समिति, बाल भोज समिति और रावण दहन समिति का गठन किया गया है जिसमें मॉयल के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस बार का आयोजन 22 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। प्रथम दिन 22 सितम्बर सोमवार को देवी जस का कार्यक्रम रखा गया है, जबकि 23 सितम्बर मंगलवार को पतीत पावन राम अशोक कुमार मिश्र बालाघाट द्वारा रामकथा का आयोजन होगा। 24 सितम्बर बुधवार को जबलपुर से आयोजित देवी जागरण में अमन परवाना पंजाब इंडियन आइडल फेम और इसरत जहां मुंबई अपनी प्रस्तुति देंगे। 25 सितम्बर गुरुवार को छत्तीसगढ़ी लोकदर्शन का कार्यक्रम अमर श्रीवास संस्था भिलाई द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 26 सितम्बर शुक्रवार को आर्केस्ट्रा नागपुर के साथ मिनीक्री कलाकार वीआईपी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। 27 सितम्बर शनिवार को स्थानीय स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जबकि 28 सितम्बर रविवार को आर्केस्ट्रा नागपुर के साथ माही विश्वास कोलकाता अपनी प्रस्तुति देंगे। 29 सितम्बर सोमवार को देवी जागरण अंतर्गत सुचित्रा भगवाधारी प्रस्तुति देंगी। 30 सितम्बर मंगलवार को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें हेमंत पांडे कानपुर, मुमताज नसीम अलीगढ़, गजेन्द्र प्रियांशु बारांबकी, पं. अशोक नागर इंदौर, राहुल शर्मा उज्जैन, मनोज रामटेके भरवेली और दिनेश देहाती अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। 01 अक्टूबर बुधवार को आर्केस्ट्रा छिंदवाड़ा के साथ इंडियन आइडल फेम मुंबई की सौम्य शर्मा संगीतमय प्रस्तुति देंगी। 02 अक्टूबर गुरुवार को रावण दहन एवं महाप्रसादी वितरण के उपरांत मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाई जाएगी और इसके साथ ही नवरात्रि समारोह संपन्न होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर पर परिवार सहित पधारकर मां दुर्गा के दर्शन करें, भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आनंद लें और सामूहिक सहभागिता से इस परंपरा को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान दें।

# पीएम श्री शास.उमावि भेण्डारा में कैरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

15 सितम्बर को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेण्डारा, खैरलांजी में विद्यार्थियों के भविष्य का मार्गदर्शन करने हेतु कैरियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्था के प्राचार्य आर.के.नगपुरे के अध्यक्षता में कक्षा 12वीं के समस्त विद्यार्थियों को विकासखंड कैरियर काउंसलर डॉ. दुर्गेश टेंभरे द्वारा 12वीं के पश्चात कॉलेज में विषय चयन संबंधी, व्यावसायिक शिक्षा संबंधी, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा संबंधी अनेक विषयों पर विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा भी अपने भविष्य के कैरियर हेतु शंका समाधान संबंधी श्री टेंभरे सर प्रश्न पूछे गए जिसमे टेंभरे जी ने विस्तृत रूप में उनका शंका समाधान किये। कैरियर काउंसलिंग शिविर की संपूर्ण व्यवस्था कैरियर काउंसलिंग प्रभारी विजय कुमार गुप्ता एवं स्टाफ के सभी सहयोगी शिक्षको द्वारा की गई। इस शिविर के माध्यम से शाला के लगभग 70 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।



## राजनितिक दलों की बैठक 18 सितम्बर को आयोजित

बालाघाट। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में 18 सितम्बर दोपहर 12 बजे से राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

## मॉयल में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन, गांधीनगर में मिला सम्मान

**बालाघाट।** स्थानीय मॉयल लिमिटेड बालाघाट खान, भरवेली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 से 29 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें वर्ग पहेली, एकल शब्द, निबंध, स्लोगन, हिन्दी शब्द, नोटिंग-ड्राफ्टिंग और एकाछड़ी स्पर्धा प्रमुख हैं। ये सभी गतिविधियां राजभाषा विभाग के तत्वावधान में सम्पन्न होंगी, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करना है।हिन्दी पखवाड़े के दौरान 14 एवं 15 सितम्बर को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में मॉयल लिमिटेड को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। देशभर से आए अनेक सांसद, वरिष्ठ अधिकारी, समाचार पत्रों के संपादक और राजभाषा अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यहां विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस सम्मेलन में नराकास बालाघाट के अध्यक्ष एवं मॉयल खान प्रबंधक विवेक कुमार को हिन्दी के प्रोत्साहन के लिए गृहमंत्रालय की सचिव श्रीमती असूली आर्य द्वारा सम्मानित किया गया।

# हास्य व्यंग्यकार व कवि शैलेश इनायत साहित्य श्री सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर सीहोर में आयोजित साहित्यकार सम्मेलन में जिले के हास्य व्यंग्यकार व कवि शैलेश इनायत मिरगपुर को साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया । यह सम्मान उन्हें उनको साहित्य व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया। बताया गया की सीहोर में राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश साहित्य साधना मंच, राष्ट्रीय कलचुरी कवि परिषद भारत, जन परिषद सीहोर के तत्वावधान में साहित्य समारोह का आयोजन कर साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र में बेहतरीन व उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिष्ठित लोगो को सम्मान दिया गया । इसी साहित्य समारोह में हास्य व्यंग्यकार व कवि शैलेश इनायत को प्रशस्ति पत्र, श्रीफल व स्याल भेंट कर सम्मानित किया गया । तथा साहित्य क्षेत्र में प्रेरणा स्त्रोत कार्य करने पर उनकी सहारना की गई। साहित्यकार शैलेश इनायत को सम्मान मिलने पर उनके प्रशंसको ने हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही दिपक देशमुख सरपंच मिरगपुर, संजय अश्क, भुवन सिंह धांसू, तन्हा नागपुरी,दिनेश देहाती, भैयालाल नागवंशी,राज राहांगडाले , शैलेश पारधी सहित अन्य के द्वारा शुभकामनाऐ दि गई।



# तिरोड़ी मॉयल का बजा डंका, परख क्वालिटी सर्कल टीम ने जीते 9 पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा नागपुर के रामदेव बाबा विश्वविद्यालय के डिजीटल टॉवर में आयोजित गुणवत्ता अवधारणाओं के अध्याय सम्मेलन 2025 में तिरोड़ी मायॅल की परख क्वालिटी सर्कल टीम ने फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है. सर्कल टीम को प्रतिष्ठित 09 पुरूस्कार मिले है. अध्याय सम्मलेन में मायॅल क्षेत्र के 37 विभिन्न संस्थानों से 140 टीमों ने हिस्सा लिया था. जहां विभिन्न श्रेणियों में परख क्वालिटी ने प्रतिष्ठित 9 पुरस्कार जीते. दिनेश कन्नौज ने जानकारी देते हुए बताया कि परख क्वालिटी सर्कल ने अपनी केस स्टडी प्रस्तुतिकरण में सुपर गोल्ड मेडल अवार्ड के साथ ही नागपुर अध्याय में पहली बार शुरू किए गए सर्वोत्तम दृश्य प्रभाव का भी प्रथम पुरस्कार जीता. मॉयल लिमिटेड की उत्तम सहभागिता और क्वालिटी सर्कल के प्रति चेतना विकास की दिशा में किए गए कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रचार पुरस्कार और हरित उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ क्यूसी पोस्टर में दिनेश कनोजे को पहला और ईश्वर सैनिक को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ. क्यूसी आधारित कविता प्रतियोगिता में आनंद बागडे. को पहला, हुबलाल जेठूमल को दूसरा समीर शुक्ला, दिनेश कनोजे और शुभम राऊत को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ. उल्लेखनीय है कि इस परख क्वालिटी सर्कल टीम ने विगत वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी सर्कल सम्मेलन कोलंबो श्रीलंका में गोल्ड मेडल अवार्ड भी जीता था. परख क्वालिटी सर्कल टीम की सफलता में दिशानिर्देश यु.एस.भाटी संयुक्त महाप्रबंधक अभिकर्ता समूह एक, मनीष ढोके कोऑर्डिनेटर खान प्रबंधक का भी सहयोग रहा. उन्होंने परख क्वालिटी सर्कल टीम को बधाईयां दी है.



## जप लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के कार्यकाल पर उठाए सवाल

# लांजी की वार्षिक साधारण सभा में कांग्रेस और भाजपा के बीच हुई तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के सिद्धेश्वर मंगल भवन में 15सितंबर को आयोजित निर्भया आजीविका संकुल स्तरीय संगठन लांजी की वार्षिक साधारण सभा की बैठक में जमकर हंगामा हो गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के भाषण के दौरान कांग्रेस और भाजपा के समर्थकों के बीच जमकर कहासुनी हुई। जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वे शासकीय कार्यक्रमों का भाजपाईकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंच पर कितने विधायक प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि दो वर्षों से अधिक के कार्यकाल में उन्हें सरकार से क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 34 करोड़ की राशि प्राप्त हुई, लेकिन उन्होंने क्षेत्र में एक करोड़ रुपये भी खर्च नहीं किए। श्री अवसरे ने कहा कि क्षेत्र में 29 हजार महिलाएं हैं जिन्होंने अपना अमूल्य वोट देकर 'आप से भाजपा में आए राजकुमार कर्राहे को जनप्रतिनिधि बनाया है, लेकिन क्षेत्र की महिलाओं के लिए भाजपा का क्या योगदान है? उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष द्वारा सरकार के विरोध में अपनी बात रखी जाती है, भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं, जो नियमों के खिलाफ है। मेरा सवाल विधायक से यह है की आपने मुख्यमंत्री बनाया उन्होने आपको प्रतिवर्ष 17 करोड़ दिये इस हिसाब से आपको दो वर्षो में 34 करोड़ मिले आपने क्षेत्र के लोगों को 34 करोड में से क्या दिया। वहीं इससे पूर्व भाजपा की ओर से उक्त बैठक में सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के विषय में बोला गया तो विपक्ष के नेता शांत होकर उनकी बातें बड़े धैर्य से सुने परंतु जब विपक्ष द्वारा अपने मुद्दे रखे गये तो भाजपाई भड़क उठे। उल्लेखनीय है की निर्भया आजीविका संकुल स्तरीय संगठन लांजी द्वारा वार्षिक साधारण सभा की बैठक में स्व सहायता समूह की समस्त महिलाओं की उपस्थिति थी। बैठक में संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की गई और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान निर्भया आजीविका संकुल स्तरीय संगठन लांजी की अध्यक्ष श्रीमती कविता कोसरे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ममता दांदरे, सचिव श्रीमती अक्तरी शेख रानी, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा कोठारे, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजुशा मेश्राम और सह सचिव श्रीमती जैतुरा कारमेचे इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित थे। उक्त बैठक में अतिथियों के रूप में जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, सोहन उपराड़े विधायक प्रतिनिधी, गौरव बैस विधायक प्रतिनिधी, देवेश एड़े बिसोनी मंडल अध्यक्ष मुख्य रूप से उपस्थित थे।

